## (58) राज्य निर्वाचन आयोग

राज्य निर्वाचन आयोग में पदों की सूचना 31.12.2016 की स्थिति अनुसार निम्नवत् संज्ञान में आई है:–

| क्र0 | पद का नाम/ग्रेड वेतन | स्वीकृत पद | कार्यरत पद | रिक्त पद | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राज्य निर्वाचन आयुक्त/80000 नियत | 01 | 01 | – | |
| 2. | सचिव/8900 | 01 | 01 | – | प्रतिनियुक्ति से |
| 3. | उपायुक्त/8900 | 01 | – | 01 | |
| 4. | संयुक्त सचिव/8700 | 01 | – | 01 | |
| 5. | उप सचिव/7600 | 01 | 01 | – | प्रतिनियुक्ति से |
| 6. | उप सचिव (लेखा)/7600 | 01 | 01 | – | वित्त सेवा संवर्ग से |
| 7. | अनुसचिव/6600 | 01 | 01 | – | |
| 8. | सहायक आयुक्त/5400 | 02 | 02 | – | 01 प्रतिनियुक्ति से |
| 9. | अनुभाग अधिकारी/4800 | 03 | 01 | 02 | |
| 10. | निजी सचिव/4800 | 02 | 01 | 01 | |
| 11. | समीक्षा अधिकारी/4600 | 06 | 04 | 02 | |
| 12. | समीक्षा अधिकारी (लेखा)/4600 | 01 | – | 01 | |
| 13. | कम्प्यूटर प्रोग्रामर/4200 | 01 | – | – | बाह्य स्रोत से |
| 14. | वैयक्तिक सहायक/अपर निजी सचिव/4600 | 03 | 02 | 01 | उपनल से दो डाटा इन्ट्री ऑपरेटर कार्यरत |
| 15. | सहायक समीक्षा अधिकारी/4200 | 03 | 02 | 01 | |
| 16. | टंकक/डाटा इन्ट्री ऑपरेटर/ 1900 | 04 | 02 | 02 | |
| 17. | वाहन चालक/1900 | 02 | 02 | – | वाह्य स्रोत से (उपनल से कार्यरत) |
| 18. | अर्दली/चपरासी/चौकीदार/स्वच्छक/1800 | 11 | 11 | – | 08 उपनल (वाह्य स्रोत) से कार्यरत |
| | **योग** | **45** | **35** | **10** | |

उक्त के अतिरिक्त जनपद स्तर हेतु निम्नानुसार पदों की स्थिति संज्ञान में आई है:–

| क्र0 | पद का नाम/ग्रेड वेतन | स्वीकृत पद | कार्यरत पद | रिक्त पद | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी/4200 | 13 | 09 (01 प्रतिनियुक्ति से) | 04 | प्रत्येक जनपद हेतु 01 पद |
| 2. | वरिष्ठ सहायक/2800 | 26 | 16 | 10 | प्रत्येक जनपद हेतु 02 पद |
| 3. | कनिष्ठ सहायक/2000 | 35 | 33 (23 उपनल से) | 02 | तथा 09 पद उ0प्र0 के समय से |
| 4. | चपरासी/चौकीदार/1800 | 35 | 26 (16 उपनल से) | | |
| | **योग** | **109** | **87** | **22** | |

वर्ष 2015–16 में वेतन सम्बन्धी कुल व्यय लगभग रू0 3.28 करोड़ है। सभी पद भरे होने की दशा में वेतन सम्बन्धी कुल व्यय 2015–16 में लगभग रू0 4.14 करोड़ होता जो सातवें पुनरीक्षित वेतन में लगभग रू0 4.75 करोड़ होता है।

प्राप्त सूचनाओं के दृष्टिगत विचारणीय बिन्दु निम्नवत् हैं :–

1. सचिव व उपायुक्त के ग्रेड वेतन 8900 में 01–01 पद हैं। यह दोनों पद एकीकृत किये जा सकते हैं और तदानुसार सचिव एवं उपायुक्त का एक ही पद रखा जा सकता है।

2. निजी सचिव के दो के स्थान पर 01 पद तथा वैयक्तिक सहायक/अपर निजी सचिव के 03 के स्थान पर 02 पद रखे जा सकते हैं।

## (59) राज्यपाल सचिवालय

राज्यपाल सचिवालय में कुल 105 पद स्वीकृत हैं जिसके सापेक्ष 72 पद कार्यरत तथा 33 पद रिक्त सूचित किये गये हैं। पदों से सम्बन्धित विस्तृत विवरण निम्नानुसार हैः–

| क्र0 | पद का नाम/ग्रेड वेतन | स्वीकृत पद | कार्यरत पद | रिक्त पद | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सचिव श्री राज्यपाल | 01 | 01 | – | भा0प्र0से0 संवर्ग |
| 2. | विधि परामर्शी श्री राज्यपाल | 01 | 01 | – | न्यायिक सेवा संवर्ग |
| 3. | संयुक्त सचिव श्री राज्यपाल/7600 | 01 | – | 01 | पी0सी0एस0 संवर्ग |
| 4. | प्रमुख निजी सचिव/7600 | 01 | 01 | – | अस्थाई पद |
| 5. | वित्त नियंत्रक/7600 | 01 | 01 | – | वित्त सेवा संवर्ग |
| 6. | चिकित्साधिकारी/7600 | 02 | 02 | – | चिकित्सा संवर्ग |
| 7. | उपसचिव/7600 | 01 | – | 01 | अस्थाई पद |
| 8. | अनुसचिव/6600 | 01 | 01 | – | |
| 9. | निजी सचिव (विशेष श्रेणी)/7600 | 01 | 01 | – | निःसंवर्गीय/अस्थाई |
| 10. | निजी सचिव ग्रेड–2/6600 | 01 | 01 | – | |
| 11. | वरिष्ठ कम्प्यूटर प्रोग्रामर/6600 | 01 | 01 | – | |
| 12. | सूचना अधिकारी/5400 | 01 | 01 | – | सूचना सेवा संवर्ग |
| 13. | निजी सचिव ग्रेड–1/5400 | 03 | 01 | 02 | |
| 14. | अनुभाग अधिकारी/5400 | 01 | 01 | – | |
| 15. | अनुभाग अधिकारी (लेखा)/5400 | 01 | 01 | – | |
| 16. | पुस्तकालयाध्यक्ष/5400 | 01 | 01 | – | |
| 17. | अपर निजी सचिव/4800 | 06 | 03 | 03 | |
| 18. | समीक्षा अधिकारी/4800 | 12 | 10 | 02 | |
| 19. | समीक्षा अधिकारी (लेखा)/4800 | 01 | 01 | – | |
| 20. | प्रोटोकॉल अधिकारी/4800 | 01 | 01 | – | |

| क्र0 | पद का नाम/ग्रेड वेतन | स्वीकृत पद | कार्यरत पद | रिक्त पद | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 21. | सहायक समीक्षा अधिकारी/4600 | 09 | — | 09 | |
| 22. | अंग्रेजी अनुवादक/1900 | 01 | 01 | — | |
| 23. | फार्मासिस्ट/4200 | 01 | 01 | — | |
| 24. | सहायक समीक्षा अधि0 (लेखा)/4600 | 01 | 01 | — | |
| 25. | सूचीकार/4200 | 01 | 01 | — | |
| 26. | कम्प्यूटर डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/2400 | 01 | — | 01 | |
| 27. | टेलीफोन ऑपरेटर/4200 | 04 | 04 | — | |
| 28. | उर्दू अनुवादक/1900 | 01 | — | 01 | |
| 29. | समन्वयक/4800 | 01 | 01 | — | |
| 30. | कम्प्यूटर सहायक/2400 | 09 | 07 | 02 | |
| 31. | कम्प्यूटर सहायक कम स्वागती/2400 | 04 | 04 | — | |
| 32. | वाहन चालक/2000 | 06 | 05 | 01 | |
| 33. | वरिष्ठ अनुसेवक/1900 | 02 | 02 | — | |
| 34. | दफ्तरी/1900 | 01 | — | 01 | |
| 35. | अनुसेवक/1800 | 12 | 07 | 05 | |
| 36. | फर्राश/चौकीदार/1800 | 01 | — | 01 | |
| 37. | डिस्पैंसरी आया/1800 | 01 | 01 | — | |
| 38. | औषधालय मेहतर/1800 | 01 | 01 | — | |
| 39. | सफाई जमादार/1800 | 01 | 01 | — | |
| 40. | सफाई कर्मचारी/1800 | 06 | 05 | 01 | |
| | **योग** | **105** | **72** | **33** | |

राज्यपाल ग्रहस्थ अधिष्ठान अंतर्गत पदों की स्थिति निम्नानुसार बताई गई है:—

| क्र0 | पद का नाम/ग्रेड वेतन | स्वीकृत पद | कार्यरत पद | रिक्त पद | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परिसहाय श्री राज्यपाल/8700 | 02 | 02 | — | आई0पी0एस0 एवं सेना से |
| 2. | कम्पट्रोलर/6600(7600) | 01 | 01 | — | |
| 3. | हाउस कीपर/4200 | 01 | — | 01 | |
| 4. | स्टेवार्ड/2800 | 01 | 01 | — | |
| 5. | शैफ/2800 | 01 | — | 01 | |
| 6. | सहायक स्टोर कीपर/1900 | 01 | 01 | — | अस्थाई पद |
| 7. | वाहन चालक/2000 | 05 | 04 | 01 | |
| 8. | हैड कुक/1900 | 01 | — | 01 | |
| 9. | कुक/1800 | 03 | 02 | 01 | |
| 10. | कैम्प जमादार/1800 | 01 | — | 01 | |

| क्र0 | पद का नाम/ग्रेड वेतन | स्वीकृत पद | कार्यरत पद | रिक्त पद | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 11. | हैड खिदमतगार/1800 | 01 | 01 | – | |
| 12. | बेलदार/1800 | 03 | 02 | 01 | |
| 13. | कारपेन्टर/1800 | 01 | 01 | – | |
| 14. | टेलर/1800 | 01 | 01 | – | |
| 15. | प्रधान माली/1800 | 01 | 01 | – | |
| 16. | वेयरर/1800 | 03 | 03 | – | |
| 17. | मोटर क्लीनर/1800 | 02 | 01 | 01 | |
| 18. | धोबी/1800 | 01 | 01 | – | |
| 19. | खितमतगार/1800 | 04 | 04 | – | |
| 20. | हाउस वेयरर/सहा0 वेयरर/1800 | 04 | 04 | – | |
| 21. | मसालची/1800 | 03 | 03 | – | |
| 22. | अनुसेवक/1800 | 02 | 02 | – | |
| 23. | मेट/1800 | 01 | 01 | – | |
| 24. | पालीशर/1800 | 01 | 01 | – | |
| 25. | धोबी मेट/1800 | 01 | 01 | – | |
| 26. | माली/1800 | 04 | 03 | 01 | |
| | **योग** | **50** | **41** | **09** | |

वर्ष 2015–16 में वेतन सम्बन्धी व्यय (राज्यपाल के वेतन को छोड़कर) लगभग रू0 3.54 करोड़ (पारिवारिक स्थापना को छोड़कर) तथा लगभग रू0 4.74 करोड़ (पारिवारिक स्थापना सहित) है। सभी पद भरे होने की स्थिति में यह व्यय क्रमशः लगभग रू0 5.16 करोड़ एवं लगभग रू0 6.23 करोड़ होता। सातवें पुनरीक्षित वेतनमान में यह व्यय क्रमशः लगभग रू0 5.90 करोड़ व रू0 7.15 करोड़ होता है।

राज्यपाल सचिवालय में सचिवालय अधिष्ठान एवं पारिवारिक स्थापना (ग्रहस्थ अधिष्ठान) में सृजित पदों के सम्बन्ध में यद्यपि किसी विशेष संस्तुति की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती, तथापि निम्नलिखित बिन्दुओं पर विचार किया जा सकता है :–

1. उप सचिव का एकमात्र पद अस्थाई है तथा रिक्त भी है। इस पद को समाप्त किया जाने पर विचार किया जा सकता है।
2. कतिपय निसंवर्गीय पद लम्बे समय से सृजित हैं जिन्हें यदि अपरिहार्य न हो तो समाप्त करने पर विचार किया जा सकता है।
3. सहायक समीक्षा अधिकारी के 09 पदों में सभी रिक्त हैं, इस पद की संख्या सीमित करने पर विचार किया जा सकता है।

4. कम्प्यूटर डाटा एंट्री ऑपरेटर व कम्प्यूटर सहायक के क्रमशः 01 व 09 पद हैं। कम्प्यूटर डाटा एंट्री ऑपरेटर का एकल पद रिक्त है। इस पद को समाप्त करने तथा कम्प्यूटर सहायक के पदों की संख्या सीमित करने पर विचार किया जा सकता है।

5. समन्वयक का पद समाप्त किया जा सकता है तथा समन्वय सम्बन्धी दायित्व सचिव अथवा अन्य स्तर पर देखा जा सकता है।

6. दफ्तरी का पद समाप्त किया जा सकता है तथा अनुसेवक के पद कार्यरत संख्या तक सीमित करने पर विचार कर सकते हैं।

ग्रहस्थ अधिष्ठान अंतर्गत निम्नलिखित बिन्दुओं पर विचार किया जा सकता है :-

1. शैफ का पद बनाए रखने पर पुनर्विचार किया जाय।

2. चतुर्थ श्रेणी में वेतन स्तर-1 में एक ही प्रकार के दो-दो पदनाम हैं, जैसे हैड खिदमतगार एवं खिदमतगार, प्रधान माली एवं माली आदि। अतः ऐसे पदों का एक ही पदनाम रखते हुए पदों की संख्या सीमित करने पर विचार किया जा सकता है।

## (60) वन विभाग

प्रमुख वन संरक्षक प्रशासन से उनके पत्र दिनांक 29 अगस्त 2017 के माध्यम 2015-16 में वेतन सम्बन्धी कुल व्यय रू0 278.09 करोड़ सूचित किया है तथा सृजित पद 9034 व भरे पद 6600 बताए हैं। सभी पद भरे होने की दशा में कुल व्यय भार 2015-16 में लगभग रू0 380.52 करोड़ होता। सातवें पुनरीक्षित वेतनमान अन्तर्गत भरे पदों का पुनरीक्षित वेतन सम्बन्धी व्यय लगभग रू0 319.80 करोड़ तथा सभी पद भरे होने की दशा में लगभग रू0 437.60 करोड़ होता है। विभाग से पदवार स्थान पर संवर्गवार सूचना प्राप्त हुई है। जिसका विवरण निम्नवत् है-

| क्र0 | विवरण | सृजित पद | भरे पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|
| 1. | भारतीय वन सेवा | 66 | 70 | -4 |
| 2. | प्रान्तीय वन सेवा | 125 | 76 | 49 |
| 3. | अधीनस्थ वन सेवा/वन क्षेत्राधिकारी | 308 | 119 | 189 |
| 4. | उप वन क्षेत्राधिकारी | 408 | 344 | 64 |
| 5. | वन दरोगा | 1729 | 1456 | 273 |
| 6. | अवर अधीनस्था वन सेवा/वन रक्षक | 3650 | 2669 | 981 |
| 7. | सांख्यिकीय सेवा संवर्ग | 71 | 38 | 33 |
| 8. | लेखा संवर्ग | 114 | 45 | 69 |
| 9. | लिपिक वर्गीय सेवा संवर्ग | 780 | 546 | 234 |
| 10. | आशुलिपिक संवर्ग | 79 | 34 | 45 |
| 11. | मानत्रिकार संवर्ग | 55 | 30 | 25 |

| क्र0 | विवरण | सृजित पद | भरे पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|
| 12. | सर्वेयर संवर्ग | 51 | 23 | 28 |
| 13. | चालक संवर्ग | 250 | 80 | 170 |
| 14. | चतुर्थ श्रेणी संवर्ग | 1348 | 1070 | 278 |
| | **योग** | **9034** | **6600** | **2434** |

विभाग में पदवार सूचना प्राप्त न होने के दृष्टिगत बजट साहित्य वित्तीय वर्ष (2015–16) के खण्ड–6 में उपलब्ध सूचना का अवलोकन किया गया जिसके अनुसार पदों सम्बन्धी विवरण निम्नानुसार हैः–

| क्र0 | पद का नाम/ग्रेड वेतन | स्वीकृत पद | कार्यरत पद | रिक्त पद | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रमुख वन संरक्षक | 03 | 03 | – | |
| 2. | अपर प्रमुख वन संरक्षक | 04 | 07 | –3 | |
| 3. | मुख वन संरक्षक /10000 | 14 | 14 | – | |
| 4. | वन संरक्षक/निदेशक/ 8900 | 12 | 12 | – | |
| 5. | उप वन सरंक्षक/6600 | 33 | 33 | – | |
| 6. | उप निदेशक/6600 | 32 | 31 | 01 | |
| 7. | संयुक्त निदेशक सांख्यकीय/7600 | 01 | – | 01 | |
| 8. | वित्त नियंत्रक/8700 | 01 | 01 | – | |
| 9. | वरिष्ठ वित्त अधिकारी/7600 | 01 | – | 01 | |
| 10. | सांख्यिकीय अधिकारी/5400 | 16 | 12 | 04 | |
| 11. | सहायक वन संरक्षक/5400 | 93 | 61 | 32 | |
| 12. | सहायक लेखाधिकारी/4800 | 02 | 02 | – | |
| 13. | वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी/4600 | 63 | 56 | 07 | |
| 14. | वन क्षेत्राधिकारी/4800 | 308 | 199 | 109 | |
| 15. | वैयक्तिक अधिकरी/4600 | 12 | 11 | 01 | |
| 16. | प्रशासनिक अधिकारी/4600 | 93 | 81 | 12 | |
| 17. | ज्येष्ठ लेखा परीक्षक /4200 | 02 | 02 | – | |
| 18. | अपर सांख्यकीय अधिकारी/4200 | 18 | 14 | 04 | |
| 19. | लेखाकार/4600 | 34 | 32 | 02 | |
| 20. | उप वन क्षेत्राधिकारी/4200 | 408 | 395 | 13 | |
| 21. | सहायक साख्यकीय अधिकारी/4200 | 34 | 27 | 07 | |
| 22. | वैयक्तिक सहायक/2800 | 39 | 12 | 27 | |
| 23. | सहायक लेखाकार/2800 | 68 | 05 | 63 | |
| 24. | लेखा परीक्षक/2800 | 06 | – | 06 | |
| 25 | प्रधान मानचित्रकार/2800 | 14 | 11 | 03 | |
| 26. | वन दरोगा/2400 | 1729 | 1499 | 230 | |
| 27. | प्रवर सहायक/2400 | 234 | 134 | 100 | |
| 28. | मानचित्रकार/2400 | 41 | 32 | 09 | |
| 29. | सर्वेयर/2400 | 51 | 40 | 11 | |

| क्र0 | पद का नाम/ग्रेड वेतन | स्वीकृत पद | कार्यरत पद | रिक्त पद | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 30. | ड्रेसर/2400 | 02 | – | 02 | |
| 31. | कनिष्ठ सहायक/1900 | 250 | 230 | 20 | |
| 32. | वाहन चालक/1900 | 12 | 23 | –11 | |
| 33. | वाहन चालक/2400 | 75 | 12 | 63 | |
| 34. | वाहन चालक/4200 | 88 | 35 | 53 | |
| 35. | जनरेटर ऑपरेटर/1900 | 01 | 01 | – | |
| 36. | वन आरक्षी/1900 | 3650 | 2457 | 1193 | |
| 37. | लैब असिस्टेंट/1900 | 02 | – | 02 | |
| 38. | व्यायाम प्रशिक्षक/1900 | 04 | – | 04 | |
| 39. | गाइड/1900 | 04 | – | 04 | |
| 40. | महावत/1800 | 60 | 31 | 29 | |
| 41. | नायब तहसीलदार/4200 | 05 | – | 05 | |
| 42. | टौंगिया टीचर/2800 | 04 | 01 | 03 | |
| 43. | फार्मासिस्ट/2800 | 01 | – | 01 | |
| 44. | कम्पाउडर/2800 | 01 | – | 01 | मृत संवर्ग |
| 45. | कनिष्ठ लेखा लिपिक/1900 | 08 | – | 08 | मृत संवर्ग |
| 46. | ट्रैक्टर मैकेनिक/1900 | 02 | – | 02 | मृत संवर्ग |
| 47. | सॉ मिल ऑपरेटर/1900 | 01 | – | 01 | मृत संवर्ग |
| 48. | क्रैन ऑपरेटर/1900 | 01 | – | 01 | मृत संवर्ग |
| 49. | बन्दोबस्त लिपिक/1900 | 01 | – | 01 | मृत संवर्ग |
| 50. | सहायक फोरमैन/1900 | 01 | – | 01 | मृत संवर्ग |
| 51. | टेलीफोन लाइनमैन/1800 | 11 | 11 | – | मृत संवर्ग |
| 52. | बाइन्डर/1800 | 03 | – | 03 | मृत संवर्ग |
| 53. | दफ्तरी/1800 | 02 | 02 | – | मृत संवर्ग |
| 54. | जमादार/अर्दली/1800 | 75 | 55 | 20 | |
| 55. | खच्चर सईस/1800 | 03 | – | 03 | मृत संवर्ग |
| 56. | टेलीफोन मिस्त्री/1800 | 07 | 06 | 01 | मृत संवर्ग |
| 57. | खलासी/1800 | 05 | 05 | – | मृत संवर्ग |
| 58. | सर्वे असिस्टेंट/1800 | 01 | – | 01 | मृत संवर्ग |
| 59. | फील्ड अटेन्डेन्ट/1800 | 23 | – | 23 | मृत संवर्ग |
| 60. | सर्वे अमीन/1800 | 04 | – | 04 | मृत संवर्ग |
| 61. | स्वच्छक/1800 | 20 | 20 | – | मृत संवर्ग |
| 62. | अर्दली/क्षेत्र परिचर/1800 | 230 | 239 | –9 | |
| 63. | डाकिया/1800 | 188 | 201 | –13 | |
| 64. | माली/1800 | 300 | 259 | 41 | |
| 65. | चपरासी/चौकीदार/1800 | 489 | 391 | 98 | |
| 66. | स्वच्छकार/1800 | 64 | 51 | 13 | |
| 67. | चारा कटर/1800 | 18 | 04 | 14 | |
| | **योग** | **9057** | **6784** | **2273** | |

उक्त का सारांश इस प्रकार इंगित है:–

| श्रेणी | सृजित पद संख्या | कार्यरत पद संख्या | रिक्त पद संख्या |
|---|---|---|---|
| श्रेणी 'क' | 101 | 101 | – |
| श्रेणी 'ख' | 482 | 330 | 151 |
| श्रेणी 'ग' | 6946 | 5077 | 1869 |
| श्रेणी 'घ' | 1528 | 1276 | 252 |
| **योग** | **9057** | **6784** | **2273** |

वन विभाग द्वारा अति विलम्ब से दिनांक 01 नवम्बर, 2017 के पत्र द्वारा प्रेषित सूचना अनुसार विभिन्न श्रेणी/संवर्गों में पदों से सम्बन्धित सूचना निम्नानुसार सूचित की गई है तथा भा0व0से0 सहित कुल स्वीकृत पद 9235, कार्यरत पद 6633 एवं रिक्त पद 2602 सूचित की है।

| क्र0 | पद का नाम/ग्रेड वेतन | स्वीकृत पद | कार्यरत पद | रिक्त पद | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रमुख वन संरक्षक/ | 03 | 08 | –5 | |
| 2. | अपर प्रमुख वन संरक्षक/ HAG | 04 | 05 | –1 | |
| 3. | मुख्य वन संरक्षक/ | 14 | 17 | –3 | |
| 4. | वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक/ | 17 | 18 | –1 | |
| 5. | उप वन संरक्षक/6600 | 31 | 36 | –5 | |
| | **योग** | **69** | **84** | **–15** | |
| | **राज्य वन सेवा** | | | | |
| 6. | अपर निदेशक/8700 | 5 | – | 05 | |
| 7. | संयुक्त निदेशक/7600 | 10 | – | 10 | |
| 8. | उप निदेशक/6600 | 20 | 04 | 16 | |
| 9. | सहायक वन संरक्षक/8700 | 90 | 61 | 29 | |
| | **योग** | **125** | **65** | **60** | |
| | **राज्य सांख्यिकीय सेवा** | | | | |
| 10. | संयुक्त निदेशक/7600 | 01 | – | 01 | |
| 11. | उप निदेशक/6600 | 02 | 01 | 01 | |
| 12. | सांख्यिकीय अधिकारी/5400 | 16 | 12 | 04 | |
| 13. | अपर सांख्यिकीय अधिकारी/4600 | 18 | 18 | – | |
| 14. | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी/4200 | 34 | 06 | 28 | |
| | **योग** | **71** | **37** | **34** | |
| | **अधीनस्थ वन सेवा** | | | | |
| 15. | वन क्षेत्राधिकारी/4800 | 308 | 217 | 91 | |
| 16. | उप वन क्षेत्राधिकारी/4200 | 408 | 293 | 115 | |
| 17. | वन दरोगा/2800 | 1729 | 1465 | 264 | |
| | **योग** | **2445** | **1975** | **470** | |

| क्र0 | पद का नाम/ग्रेड वेतन | स्वीकृत पद | कार्यरत पद | रिक्त पद | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| | **अवर अधीनस्थ वन सेवा** | | | | |
| 18. | वन आरक्षी/1900 | 3650 | 2432 | 1218 | |
| | **योग** | **3650** | **2432** | **1218** | |
| | **लेखा संवर्ग** | | | | |
| 19. | वित्त नियंत्रक/8700 | 01 | 01 | – | |
| 20. | वरिष्ठ वित्त अधिकारी/ | 01 | – | 01 | |
| 21. | सहायक लेखाधिकारी/4800 | 02 | 02 | – | |
| 22. | लेखाकार/4200 | 34 | 23 | 11 | |
| 23. | सहायक लेखाकार/2800 | 68 | 15 | 53 | |
| 24. | ज्येष्ठ लेखा परीक्षक/4800 | 02 | 02 | – | |
| 25. | लेखा परीक्षक/4200 | 06 | 01 | 05 | |
| | **योग** | **114** | **44** | **70** | |
| | **लिपिकीय संवर्ग** | | | | |
| 26. | मुख्य प्रशासनिक अधि0/5400 | 47 | 44 | 03 | |
| 27. | वरिष्ठ प्रशासनिक अधि0/4800 | 62 | 49 | 13 | |
| 28. | प्रशासनिक अधिकारी/4600 | 62 | 60 | 02 | |
| 29. | प्रधान सहायक/4200 | 141 | 117 | 24 | |
| 30. | वरिष्ठ सहायक/2800 | 219 | 134 | 85 | |
| 31. | कनिष्ठ सहायक/2000 | 250 | 178 | 72 | |
| | **योग** | **781** | **582** | **199** | |
| | **आशुलिपिक संवर्ग** | | | | |
| 32. | मुख्य वैयक्तिक अधि0/5400 | 02 | 01 | 01 | |
| 33. | वैयक्तिक अधिकारी/ | 12 | 11 | 01 | |
| 34. | वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक/4600 | 28 | 9 | 19 | |
| 35. | वैयक्तिक सहायक/2800 | 39 | 16 | 23 | |
| | **योग** | **81** | **37** | **44** | |
| | **मानचित्रकार संवर्ग** | | | | |
| 36. | प्रधान मानचित्रकार/4200 | 14 | 11 | 03 | |
| 37. | मानचित्रकार/4200 | 41 | 26 | 15 | |
| | **योग** | **55** | **37** | **18** | |
| | **सर्वेयर संवर्ग** | | | | |
| 38. | सर्वेयर/4200 | 51 | 30 | 21 | |
| | **योग** | **51** | **30** | **21** | |
| | **चालक संवर्ग** | | | | |
| 39. | वाहन चालक–1/4600 | 12 | 31 | – | |
| 40. | वाहन चालक–2/4200 | 75 | 02 | 73 | |
| 41. | वाहन चालक–3/2800 | 75 | 19 | 56 | |
| 42. | वाहन चालक–4/2400 | 88 | 52 | 36 | |
| | **योग** | **250** | **104** | **146** | |

| क्र0 | पद का नाम/ग्रेड वेतन | स्वीकृत पद | कार्यरत पद | रिक्त पद | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| | **चतुर्थ श्रेणी** | | | | |
| 43. | दफ्तरी/2800 | 02 | 02 | – | |
| 44. | जमादार अर्दली/2800 | 75 | 53 | 22 | |
| 45. | अर्दली/क्षेत्र परिचर/1900 | 230 | 229 | 01 | |
| 46. | डाकिया/1900 | 188 | 195 | –7 | |
| 47. | माली/1800 | 300 | 259 | 41 | |
| 48. | चौकीदार/चपरासी/1800 | 489 | 337 | 152 | |
| 49. | स्वच्छकार/1800 | 64 | 50 | 14 | |
| | **योग** | **1348** | **1125** | **223** | |
| | **अन्य पद** | | | | |
| 50. | वन पशु चिकित्सा अधि0/ | 02 | 01 | 01 | |
| 51. | लैब सहायक/ | 02 | 02 | – | |
| 52. | व्यायाम प्रशिक्षक/ | 04 | – | 04 | |
| 53. | गाईड/ | 04 | 02 | 02 | |
| 54. | ट्रेसर/ | 02 | – | 02 | |
| 55. | चाराकटर/ | 18 | 04 | 14 | |
| 56. | महावत/ | 60 | 29 | 31 | |
| | **योग** | **92** | **38** | **54** | |
| | **अधिसंख्य पद/मृत संवर्ग** | | | | |
| 57. | कनिष्ठ लेखा लिपिक | 08 | – | 08 | |
| 58. | टोंगिया टीचर/ | 04 | – | 04 | |
| 59. | नायब तहसीलदार/ | 05 | – | 05 | |
| 60. | टेलीफोन मिस्त्री/ | 07 | 06 | 01 | |
| 61. | फार्मेसिस्ट/ | 01 | – | 01 | |
| 62. | कम्पाउडर/ | 01 | – | 01 | |
| 63. | सर्वे असिस्टेंट/ | 01 | – | 01 | |
| 64. | फील्ड अटेन्डेन्ट/ | 23 | – | 23 | |
| 65. | सॉमिल ऑपरेटर/ | 01 | – | 01 | |
| 66. | क्रेन ऑपरेटर/ | 01 | – | 01 | |
| 67. | सहायक फॉरमैन/ | 01 | – | 01 | |
| 68. | बन्दोबस्त लिपिक/ | 01 | – | 01 | |
| 69. | सर्वे अमीन/ | 04 | – | 04 | |
| 70. | खच्चर सईस/ | 03 | – | 03 | |
| 71. | टेलीफोन लाईनमैन/ | 11 | 11 | – | |
| 72. | खलासी/ | 05 | 05 | – | |

| क्र0 | पद का नाम/ग्रेड वेतन | स्वीकृत पद | कार्यरत पद | रिक्त पद | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 73. | ट्रेक्टर मैकेनिक/ | 02 | — | 02 | |
| 74. | जनरेटर ऑपरेटर/ | 01 | 01 | — | |
| 75. | बाईन्डर/ | 03 | — | 03 | |
| 76. | क्लीनर/ | 20 | 20 | — | |
| | **योग** | **103** | **43** | **60** | |
| | **महायोग** | **9235** | **6633** | **2602** | |

वन विभाग की 'उत्तराखण्ड वन सांख्यिककी 2016–17' नामक पुस्तिका में उपलब्ध सूचनाओं अनुसार वन विभाग अन्तर्गत 13 वृत्त, 44 प्रभाग, 284 रेन्ज तथा 1569 बीट हैं, राज्य कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 53483 वर्ग कि0मी0 के सापेक्ष विभिन्न वर्गों अंतर्गत वन क्षेत्रफल 37999.53 वर्ग कि0मी0 है जो कुछ भौगोलिक क्षेत्रफल का 71 प्रतिशत है। वन विभाग के अधीन वन क्षेत्रफल 24418.67 वर्ग कि0मी0 इंगित किया गया है। राज्य में 6 राष्ट्रीय उद्यान (National Park), 7 वन्य जीव विहार (Wildlife Sanctuaries) तथा 4 संरक्षण आरक्षित (Conservation reserves) हैं। कुल भौगोलिक क्षेत्रफल के सापेक्ष आरक्षित वन (Reserve Forest) 45.40 प्रतिशत, पंचायती वन (Panchayati Forest) 13.41 प्रतिशत, सिविल व सोयम वन (Civil and Soyam Forest) 8.92 प्रतिशत, संरक्षित वन (Protected Forest) 0.18 प्रतिशत, निजी वन (Private Forest) 0.29 प्रतिशत एवं अवर्गीकृत व निहित (unclassed & vested Forest) 2.80 प्रतिशत है। इस प्रकार वन से बाहर 28.97 प्रतिशत क्षेत्रफल बाहर है। वन पंचायतों की संख्या 12089 होना इंगित है।

वन विभाग के जोन, वृत्त व उनके अन्तर्गत प्रभागों का विवरण निम्नानुसार हैः–

| क्र0 | जोन सं0 | वृत्त | प्रभाग |
|---|---|---|---|
| 1. | कुमायूं जोन | (1) उत्तरी कुमायूं वृत्त | (1) बागेश्वर (2) अल्मोड़ा (3) सिविल सोयम अल्मोड़ा (4) पिथौरागढ़ (5) चम्पावत |
| | | (2) क्षणिणी कुमायूं वृत्त | (1) नैनीताल |
| | | (3) पश्चिमी वृत्त | (1) हल्द्वानी (2) पूर्वी तराई (3) पश्चिमी तराई (4) केन्द्रीय तराई (5) रामनगर |
| 2. | गढ़वाल जोन | (4) भागीरथी वृत्त | (1) टिहरी (2) उत्तरकाशी (3) नरेन्द्रनगर |
| | | (5) यमुना वृत्त | (1) मसूरी (2) अपर यमुना बड़कोट (3) टौन्स (4) चकराता |
| | | (6) गढ़वाल वृत्त | (1) गढ़वाल (2) बद्रीनाथ (3) रूद्रप्रयाग |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | (7) शिवालिक वृत्त | (1) देहरादून (2) भूमि संरक्षण कालसी (3) लैंसडाउन (4) हरिद्वार |
| 3. | वन्य जीव परिक्षण | | (1) राजाजी राष्ट्रीय उद्यान (2) नन्दादेवी राष्ट्रीय उद्यान (3) केदारनाथ वन्य जीव प्रभाग (4) कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग (5) कार्बेट राष्ट्रीय पार्क (6) बिन्सर वन्य जीव विहार (7) गोविन्द वन्य जीव विहार (8) गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क |

वन विभाग अंतर्गत प्रशासनिक ईकाईयों का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है –

| **ईकाई विवरण** | **कुल संख्या** | **क्षेत्रीय एवं वन्य जीव** | **कार्यकारी** |
|---|---|---|---|
| वृत्त | 17 | 11 | 6 |
| प्रभाग | 44 | 29 | 15 |
| राजि | 284 | 244 | 40 |
| बीट | 1569 | 1552 | 17 |

उक्त सूचनाओं के परिप्रेक्ष्य में निम्नलिखित बिन्दु विचारणीय हैं :–

1. यद्यपि भारतीय वन सेवा संवर्ग से सम्बन्धित पदों के सम्बन्ध में पदों की संख्या नियत करना भाग सरकार के क्षेत्राधिकार में है, तथापि प्राप्त सूचनाओं से इंगित है कि इस संवर्ग में एक ओर जहां स्वीकृत पदों के सापेक्ष अधिक अधिकारी कार्यरत हैं तो दूसरी ओर मुख्य वन संरक्षक स्तर पर पदों की संख्या 14 के स्थान पर कम (अधिकतम 7–8 तक) की जा सकती है।

2. वन विभाग अंतर्गत वृत्त, प्रभाग, राजि एवं बीट स्तर पर कई पद क्षेत्रीय (Teretorial) न होकर कार्यकारी (Functional) हैं। इन कार्यकारी पदों की संख्या भी कम की जानी चाहिए जिसमें वृत्त की संख्या 6 के स्थान पर 2 या 3, प्रभाग की संख्या 15 के स्थान पर 5 या 6, राजि की संख्या 40 के स्थान पर 12 या 13 एवं बीट संख्या 17 के स्थान पर 5 या 6 करने पर विचार किया जाना चाहिए। साथ ही सिविल सोयम अल्मोड़ा प्रभाग को अल्मोड़ा प्रभाग के साथ समाहित कर सिविल सोयम नाम से पृथक प्रभाग का अस्तित्व समाप्त किया जा सकता है।

3. ज्येष्ठ लेखा परीक्षक, लेखा परीक्षक, कनिष्ठ लेखा लिपिक व दफ्तरी के पद समाप्त किये जायें तथा इनमें जो कर्मचारी नियुक्त हों, उन्हें अन्य पदों के सापेक्ष समायोजन किया जाय।

4. वित्त नियंत्रक एवं वरिष्ठ वित्त अधिकारी में से वरिष्ठ वित्त अधिकारी का पद समाप्त किया जाय।

5. संयुक्त निदेशक सांख्यकीय का 01 पद, सांख्यकीय अधिकारी के 16 पद, अपर सांख्यकीय अधिकारी के 18 पद, सहायक सांख्यकीय अधिकारी के 34 पद सृजित हैं। संयुक्त निदेशक सांख्यकीय (ग्रेड वेतन 7600) का पद रिक्त होना इंगित है जबकि इसके एकदम नीचे सांख्यकीय अधिकारी पद का ग्रेड वेतन 5400 है तथा पदों की संख्या 16 है (कार्यरत 12)। इसी प्रकार क्रमशः अगले नीचे के स्तर पर अपर सांख्यकीय अधिकारी (ग्रेड वेतन 4200) के 18 पद तथा सहायक सांख्यकीय अधिकारी (ग्रेड वेतन 4200) के 34 पद (कार्यरत 27) हैं। उचित होगा कि संयुक्त निदेशक सांख्यकीय का पद समाप्त कर उप निदेशक सांख्यकीय का 01 पद ग्रेड वेतन 6600 में रखते हुए सांख्यकीय अधिकारी के 04 पद, अपर सांख्यकीय अधिकारी के 16 पद तथा सहायक सांख्यकीय अधिकारी के 32 पद रखे जायें।

6. वन क्षेत्राधिकारी के 308 पद व उप वन क्षेत्राधिकारी के 408 पद सृजित हैं जबकि कार्यरत क्रमशः 119 व 344 बताए गये हैं। पिरामिड सिद्धान्त अनुसार यदि अनुपात 1:2 भी हो तो वन क्षेत्राधिकारी के पद 204 से अधिक होने का औचित्य प्रतीत नहीं होता। जबकि 1:3 अनुपात आधार पर 408 उप वन क्षेत्राधिकारी के सापेक्ष 136 वन क्षेत्राधिकारी पदों का औचित्य आगणित होता है। अतः इन पदों के लिए न्यूनतम वास्तविक आवश्यकता का आंकलन करते हुए इन पदों का संख्या 1:3 अथवा 1:2 के अनुपात पर करने पर विचार किया जा सकता है।

7. वन दरोगा के 1729 पद (कार्यरत 1456) तथा वन रक्षक (वन आरक्षी) के 3650 पद (कार्यरत 2669) इंगित किये गये हैं। यहां अनुपात लगभग 1:2 होता परिलक्षित होता है (01 वन दरोगा के सापेक्ष लगभग औसत 2.11 वन रक्षक पद)। न्यूनतम वास्तविक आवश्यकता का आकलन कर इन पदों को कार्यरत संख्या तक सीमित करने पर विचार किया जा सकता है।

8. लिपिक व आशुलिपिक/वैयक्तिक सहायक संवर्ग में स्टाफिंग पैटर्न लागू रखने के सम्बन्ध में पुनर्विचार किया जाय।

## (61) शहरी विकास/आवास विभाग

शहरी विकास अंतर्गत राज्य में शहरी स्थानीय निकायों की संख्या कुछ समय पूर्व कदाचित लगभग 90 थी। इस मध्य कदाचित कुछ शहरी स्थानीय निकाय और बनाए गये जबकि कई निकायों के सीमा विस्तार/निकाय का उच्चीकरण की कार्यवाही भी की गई है। अक्टूबर 2017 की स्थिति अनुसार 06 नगर निगम, 43 नगर पालिका परिषद व 43 नगर पंचायत में पदों की सूचना का विवरण जो दिया गया है उससे राज्य में कुल 92 शहरी निकाय

होना इंगित होता है। शहरीकरण वर्तमान समय में एक अपरिहार्य घटनाक्रम है। एक अनुमान अनुसार कुछ वर्षों पश्चात हमारे देश में शहरी आबादी लगभग 50 प्रतिशत पहुंचने की संभावना बताई गई है। शहरी क्षेत्र में जहां एक ओर नागरिक सुविधाओं को विकसित करने व उनके यथोचित संचालन की चुनौतियां होती है तो वहीं दूसरी ओर एक बड़ी आबादी का एक क्षेत्र विशेष में बसने के दृष्टिगत अवसंरचना सुविधाओं को विकसित करने व उनके संचालन में अधिक व सघन आबादी से लागत व कार्य कुशलता की दृष्टि से इकानॉमी ऑफ स्केल के परिप्रेक्ष्य में लाभ भी निहित हैं।

शहरी स्थानीय निकायों में जहां केन्द्रीयत व अकेन्द्रीयकृत संवर्ग के कर्मचारी पद स्वीकृत व कार्यरत होते हैं तो वहीं शहरी विकास निदेशालय भी है जिसमें राजकीय पद हैं। निदेशालय में पदों की स्थिति निम्नानुसार सूचित की गई है:–

| क्र0 | पद का नाम/ग्रेड वेतन | स्वीकृत पद | कार्यरत पद | रिक्त पद | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | निदेशक/संवर्ग अनुसार | 01 | 01 | – | भा0प्र0सेवा संवर्ग |
| 2. | अपर निदेशक/संवर्ग अनुसार | 01 | 01 | | पी0सी0एस0 संवर्ग |
| 3. | संयुक्त निदेशक | 02 | 01 | 01 | केन्द्रीयत सेवा से |
| 4. | उप निदेशक/7600 | 02 | 01 | 01 | –तदैव– |
| 5. | सहायक निदेशक/5400 | 02 | 01 | 01 | 50 प्रतिशत पद वरिष्ठ प्रशा0अधि0 से प्रोन्नति व 50 प्रतिशत केन्द्रीयत सेवा से |
| 6. | वित्त नियंत्रक | 01 | 01 | – | वित्त सेवा संवर्ग |
| 7. | सहायक वित्त/लेखाधिकारी/4800 | 01 | 01 | – | |
| 8. | लेखाकार/4200 | 02 | 01 | 01 | |
| 9. | सहायक लेखाकार/2800 | 04 | 03 | 01 | |
| 10. | अधीक्षण अभियन्ता/7600 | 01 | – | 01 | पालिका केन्द्रीयत सेवा से पदोन्नति द्वारा |
| 11. | अधिशासी अभियन्ता/6600 | 01 | – | 01 | –तदैव– |
| 12. | सहायक अभियन्ता/5400 | 02 | – | 02 | –तदैव– |
| 13. | अवर अभियन्ता (सिविल)/4200 | 04 | – | 04 | सीधी भर्ती |
| 14. | अवर अभियन्ता (विद्युत)/4200 | 01 | – | 01 | –तदैव– |
| 15. | अवर अभियन्ता (यां0)/4200 | 01 | – | 01 | –तदैव– |
| 16. | सलाहकार अवस्थापना | 01 | – | 01 | आउटसोर्सिंग से |
| 17. | सलाहकार ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन | 01 | – | 01 | –तदैव– |
| 18. | मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/5400 | 01 | 01 | – | |
| 19. | वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी/4800 | 02 | – | 02 | |
| 20. | प्रशासनिक अधिकारी/4600 | 03 | 02 | 01 | |
| 21. | प्रधान सहायक/4200 | 05 | – | 05 | |

| क्र0 | पद का नाम/ग्रेड वेतन | स्वीकृत पद | कार्यरत पद | रिक्त पद | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 22. | वरिष्ठ सहायक/2800 | 07 | 04 | 03 | |
| 23. | कनिष्ठ सहायक/200 | 09 | 09 | – | |
| 24. | आशुलिपिक सह डाटा इन्ट्री ऑपरेटर/2400 | 08 | 01 | 07 | आउटसोर्सिंग, 01 उपनल से कार्यरत |
| 25. | वाहन चालक/1900 | 02 | 02 | – | मृत संवर्ग, अग्रेत्तर आउटसोर्सिंग |
| 26. | चपरासी/अनुसेवक/1800 | 08 | 08 | – | –तदैव |
| | **योग** | **73** | **38** | **35** | |

पालिका केन्द्रीयत सेवा के पदों का विवरण निम्नानुसार अवगत कराया गया है :–

| क्र0 | पद का नाम/ग्रेड वेतन | स्वीकृत पद | कार्यरत पद | रिक्त पद | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर आयुक्त/मुख्य नगर अधिकारी/8700 | 02 | – | 02 | केन्द्रीयत सेवा से प्रोन्नति द्वारा |
| 2. | अपर नगर आयुक्त/अपर मुख्य नगर अधिकारी/संयुक्त निदेशक/7600 | 04 | – | 06 | |
| 3. | उप नगर आयुक्त/उप नगर अधि0/उप निदेशक/6600 | 09 | 01 | 08 | |
| 4. | सहायक नगर आयुक्त/सहायक नगर अधि0/सहायक निदेशक/अधिशासी अधि0 श्रेणी–1/5400 | 20 | 02 | 18 | 50 प्रतिशत सीधी भर्ती, 50 प्रतिशत प्रोन्नति |
| 5. | अधि0 अधिकारी श्रेणी–2/4800 | 13 | 02 | 11 | प्रोन्नति |
| 6. | अधि0 अधिकारी श्रेणी–3/4200 | 25 | 02 | 23 | प्रोन्नति |
| 7. | अधि0 अधिकारी नगर पंचायत/2800 | 44 | 23 | 21 | सीधी भर्ती |
| 8. | अधीक्षण अभियन्ता/7600 | 01 | 01 | – | पदोन्नति से |
| 9. | अधिशासी अभियन्ता/6600 | 07 | 01 | 06 | –तदैव– |
| 10. | सहायक अभि0 (सिविल)/5400 | 17 | 02 | 15 | 50 प्रतिशत सीधी भर्ती, 50 प्रतिशत प्रोन्नति |
| 11. | सहायक अभि0 (मै0)/5400 | 01 | – | 01 | प्रतिनियुक्ति से |
| 12. | सहायक अभि0 (इलै0)/5400 | 01 | – | 01 | –तदैव– |
| 13. | अपर सहा0 अभि0 (सिविल)/4800 | 09 | – | 09 | प्रोन्नति पद |
| 14. | अवर अभि0 (सिविल)/4600 | 56 | 25 | 31 | 90 प्रतिशत सीधी भर्ती, 10 प्रतिशत मानचित्रकार से प्रोन्नति |
| 15. | अवर अभि0 (मै0)/4600 | 03 | 01 | 02 | |
| 16. | अवर अभि0 (इलै0)/4600 | 08 | 01 | 07 | |

| क्र0 | पद का नाम/ग्रेड वेतन | स्वीकृत पद | कार्यरत पद | रिक्त पद | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 17. | सहायक नगर आयुक्त/सहा0 नगर अधि0 (ठोस प्रबन्धन)/5400 | 02 | – | 02 | पदोन्नति |
| 18. | जोनल सफाई अधि0/4800 | 08 | – | 08 | –तदैव– |
| 19. | मुख्य सफाई निरीक्षक/4800 | 22 | – | 22 | –तदैव– |
| 20. | सफाई निरीक्षक/2800 | 116 | 42 | 74 | 2/3 सीधी भर्ती, 1/3 पदोन्नति |
| 21. | लेखाधिकारी ग्रेड–1/लेखाधिकारी/5400 | 02 | – | 02 | पदोन्नति |
| 22. | लेखाधिकारी ग्रेड–2/सहायक लेखाधिकारी/4800 | 04 | – | 04 | –तदैव– |
| 23. | लेखाकार/4200 | 15 | 09 | 06 | –तदैव– |
| 24. | सहा0 लेखाकार/2800 | 58 | 15 | 43 | 50 प्रतिशत सीधी भर्ती, 50 प्रतिशत प्रोन्नति लेखा लिपिक से |
| 25. | वरिष्ठ प्रशा0 अधि0/4800 | 06 | – | 06 | पदोन्नति |
| 26. | प्रशा0 अधि0/4600 | 20 | – | 20 | –तदैव– |
| 27. | प्रधान सहायक/4200 | 52 | – | 52 | –तदैव– |
| 28. | वरिष्ठ सहायक/2800 | 162 | – | 162 | –तदैव– |
| 29. | सहा0 नगर आयुक्त/सहा0 नगर अधि0 (कर एवं राजस्व)/5400 | 02 | – | 02 | –तदैव– |
| 30. | कर निर्धारण एवं राजस्व अधि0/4800 | 08 | – | 08 | –तदैव– |
| 31. | कर एवं राजस्व अधीक्षक/4200 | 23 | 24 | –01 | पदोन्नति से |
| 32. | कर एवं राजस्व निरीक्षक/2800 | 90 | 29 | 61 | 50 प्रतिशत सीधी भर्ती, 50 प्रतिशत पदोन्नति |
| | **योग** | **810** | **180** | **633** | |

आवास–विभाग अंतर्गत नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग की सूचना बजट साहित्य में निम्नानुसार दी गई है–

| क्र0 | पद का नाम/ग्रेड वेतन | स्वीकृत पद | कार्यरत पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वरिष्ठ नियोजक/7600 | 01 | 01 | – |
| 2. | सहयुक्त नियोजक/6600 | 03 | 02 | 01 |
| 3. | सहायक ग्राम नियोजक/सहा0 वास्तुविद नियोजक/ 5400 | 05 | 04 | 01 |
| 4. | वास्तुविद एवं नियोजन सहायक/4200 | 01 | 01 | – |
| 5. | वास्तुविद एवं नियोजन सहायक/4200 | 01 | 01 | – |
| 6. | मुख्य मानचित्रकार/4200 | 04 | 04 | – |
| 7. | अनुरेखक/1900 | 05 | 05 | – |
| 8. | सांख्यकीय सहायक/4200 | 04 | 02 | 02 |
| 9. | सर्वेक्षण सहायक/2800 | 09 | – | 09 |

| क्र0 | पद का नाम/ग्रेड वेतन | स्वीकृत पद | कार्यरत पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|
| 10. | संगणक/4200 | 01 | 01 | – |
| 11. | अवर अभियन्ता/4200 | 25 | 10 | 15 |
| 12. | प्रशासनिक अधिकारी/4200 | 03 | 03 | – |
| 13. | प्रवर सहायक/2400 | 03 | 03 | – |
| 14. | कनिष्ठ सहायक/1900 | 06 | 06 | – |
| 15. | आशुलिपिक–3/2400 | 02 | 01 | 01 |
| 16. | वाहन चालक/1900 | 02 | 02 | – |
| 17. | नील मुद्रक (प्राविधिक)/1900 | 02 | 01 | 01 |
| 18. | आशुलिपिक–2/4200 | 01 | 01 | – |
| 19. | मानचित्रकार/2400 | 09 | 08 | 01 |
| 20. | लेखा लिपिक/2400 | 01 | 01 | – |
| 21. | नील मुद्रक (अप्राविधिक)/1800 | 01 | – | 01 |
| 22. | माली/1800 | 01 | – | 01 |
| 23. | चपरासी/चौकीदार/1800 | 13 | 10 | 03 |
| 24. | स्वच्छक/1800 | 01 | 01 | – |
| | **योग** | **104** | **67** | **37** |

उक्त सूचनाओं के दृष्टिगत निम्नलिखित बिन्दु विचारणीय हैं :–

1. शहरी विकास विभाग व आवास विभाग का एकीकरण करते हुए शहरी विकास निदेशालय और नगर एवं ग्राम नियोजक विभाग के स्थान पर एक एकीकृत निदेशालय बना दिया जाय।
2. विनियमित क्षेत्रों को उत्तराखण्ड आवास एवं नगर विकास प्राधिकरण के अंतर्गत सम्मिलित कर दिया जाय जिस सम्बन्ध में पृथक अध्याय में इंगित किया गया है।
3. शहरी स्थानीय निकायों को निधि, कार्य एवं कर्मचारी के लिए स्वायतता सहित पर्याप्त पद स्वीकृत किये जाने चाहिए। 73/74वें संविधान संशोधन के परिप्रेक्ष्य में इन निकायों को कार्य, निधि, कर्मचारी सहित पर्याप्त प्रशासनिक व वित्तीय शक्तियां देकर इन्हें स्वसक्षम बनाया जाना चाहिए। बढ़ती शहरी जनसंख्या, स्मार्ट शहरों की परिकल्पना व संविधान की मूल भावना के दृष्टिगत इस सम्बन्ध में त्वरित गति एवं खुली मंशा के विचार से कार्य, निधि, कर्मचारीगण सहित शक्तियों का हस्तान्तरण किया जाना उचित होगा। नगर निगमों के स्तर पर प्रत्येक में 01–01 अधीक्षण अभियन्ता पद सृजित किया जाना उचित होगा जबकि प्रत्येक नगर पालिका स्तर पर 01–01 अधिशासी अभियन्ता का पद होना चाहिए। नगर निगमों के अधीक्षण अभियन्ता व नगर पालिकाओं के अधिशासी अभियन्ताओं को अपने आसपास के अन्य एवं निचली स्थानीय निकायों के तकनीकी कार्यों के लिए तकनीकी मूल्यांकन व पर्यवेक्षण आदि सहयोग का दायित्व दिया जाना उचित होगा। वर्तमान में केन्द्रीयकृत सेवा के कुल स्वीकृत पदों के सापेक्ष

लगभग 77 प्रतिशत पद रिक्त बताए गये हैं जो चिन्ताजनक है। तृतीय राज्य वित्त आयोग द्वारा शहरी स्थानीय निकायों हेतु पदों के मानक के सम्बन्ध में कतिपय सुझाव दिये गये थे जिस पर राज्य सरकार को विचार करना चाहिए।

4. राज्य में मध्य एवं लम्बी अवधि के शहरी विकास योजना (सिटी डेवलपमेन्ट प्लान) बनाए जाने चाहिए। साथ ही शहरी विकास सम्बन्धी अध्ययन व प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए जिस हेतु एक सक्षम संस्थान की स्थापना की जा सकती है। इस सम्बन्ध में तृतीय राज्य वित्त आयोग द्वारा दिये गये सुझाव पर कार्यवाही की जा सकती है।

5. प्राधिकरण एवं विनियमित क्षेत्रों हेतु अध्यावधिक मास्टर प्लान तैयार कर अन्तिम किये जाने चाहिए एवं सार्वजनिक उपयोग से सम्बन्धित अवस्थापनागत कार्यों व सेवाओं/सुविधाओं को विकसित करने के लिए शीघ्र भूमि अध्याप्ति/अधिग्रहण की व्यवस्था कर इन्हें विकसित किया जाना चाहिए।

6. राज्य का अपना शहरी स्थानीय निकाय सम्बन्धी अधिनियम नहीं बने हैं। इस हेतु यथा आवश्यक अधिनियम अब अविलम्ब बनाना उचित होगा।

7. निकायों में यूनीफार्म एकाउन्टिंग साफ्टवेयर की व्यवस्था कर निकायों के वार्षिक लेखा व तुलन पत्र अध्यावधिक किये जाने चाहिए। इस सम्बन्ध में कदाचित भारत सरकार द्वारा अकाउन्ट साफ्टवेयर विकसित कराया गया होगा, जिसे लागू किया जा सकता है अथवा इसके अभाव में किसी रेडीमेड साफ्टवेयर में यथोचित सुधार कर उसे लागू कराया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय वित्त आयोग से परफारमेन्स अनुदान लेने में भी इससे लाभ होगा तथा निकायों के प्रशासनिक व वित्तीय निर्णयों तथा अनुश्रवण/पर्यवेक्षण में भी इसके अच्छे परिणाम होंगे।

8. शहरी विकास निदेशालय में सहायक लेखाधिकारी का 01 पद व वित्त नियंत्रक का 01 पद रिक्त है। इस पद को समाप्त किया जा सकता है। साथ ही आशुलिपिक के 08 पद हैं जबकि कार्यरत 01 है। इस पद की संख्या 04 की जा सकती है।

9. पालिका केन्द्रीयत सेवा में जोनल सफाई अधिकारी व मुख्य सफाई निरीक्षक के एक ही ग्रेड वेतन 4800 में क्रमशः 08 व 22 पद स्वीकृत है। जोनल सफाई अधिकारी का पदनाम समाप्त किया जा सकता है।

10. नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग में सांख्यकीय सहायक एवं संगणक के पद ग्रेड वेतन 4200 में हैं। संगणक का एकल पद समाप्त किया जाय। नील मुद्रक अप्राविधिक का एकल पद समाप्त कर सेवाएं आउटसोर्सिंग से ली जा सकती हैं। लेखा लिपिक का भी एकल पद है। अब इस पदनाम से कोई पद नहीं है अतः इसे समाप्त किया जाय।